IIM: भारतीय व्यापार प्रणाली व जनजातीय उद्यमिता पर करेंगे शोध

रांची| आईआईएम रांची में भारतीय व्यापार प्रणाली और जनजातीय उद्यमिता विषय पर शोध किया जाएगा। शोध कार्य पूरा होने के बाद उसे एक किताब के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इस शोध कार्य में संस्थान के फैकल्टी अपना योगदान देंगे। जनजातीय उद्यमिता पर शोध जनजातीय क्षेत्रों में उद्यमों की एक व्यापक तस्वीर प्रस्तुत करेगा। यह शोध उद्यमों के विकास, समुदाय-आधारित उद्यमों की सफलता, नए उद्यम के लिए लघु वन उत्पाद, आदिवासी क्षेत्रों के मुद्दे व अवसरों आदि आयामों पर केंद्रित होगा।

Dainik Bhaskar, 20.07.2023, Pg. 03